


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 108 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 29 जनवरी 2024 | मूल्य 2 रुपया

## भीतरघात: लोकसभा चुनाव में भाजपा को देगा तनाव




**मंदसौर, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद से ही समीक्षाओं का दौर शुरु हो गया था। अब लोकसभा चुनाव की उठापटक शुरु हो गई है। प्रदेश में भारी बहुमत से सरकार बनने के साथ ही मंदसौर में मिली हार बीजेपी पचा नहीं पा रही है। जिसे भाजपा अपना गढ़ मानती आई है, उस पर सबसे अधिक चर्चा हो रही है। हालांकि, भीतरघात के आरोप जिले की चारों विधानसभा सीटों पर होने के आरोप लगे थे। लेकिन, मंदसौर में हार के बाद भीतरघात की सबसे अधिक चर्चा व नाम यहीं पर चर्चा में रहे। खुद संगठन के नेता कह चुके है कि मौखिक शिकायत मिल रही है। लेकिन, सबूत के साथ पुख्ता शिकायत के इंतजार में मामला ठंडा पड़ गया। भीतरघात सुवासरा, मल्हारगढ़ से लेकर गरोठ में भी हुआ। बीते विधानसभा चुनावो में भीतरघात कहीं न कहीं मनभेद पैदा कर गया। यह मनभेद कहीं न कहीं आने वाले लोस चुनाव में भाजपा के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

### कई जनप्रतिनिधियों के नाम आए सामने...

शहर में भाजपा को पिछली बार मिली बढ़त इस बार मायनस में गई। कई वार्डो व पोलिंगों पर भाजपा की हार हुई है। शहर में हार से ही विधानसभा में भाजपा की हार बड़ी वजह माना जा सकता है। ऐसे में नगर पालिका के सभापतियों से लेकर पार्षदों व संगठन के पदाधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों के नाम भी खूब चर्चाओं में रहे। वहीं नगर पालिका चुनाव में 40 में से 29 बीजेपी के पार्षद जीते थे। गरोठ, सुवासरा व मल्हारगढ़ में पार्टी विधानसभा चुनाव जीतने में सफल रही, इसलिए वहां के भीतरघात पर चर्चा नहीं हो रही है। लेकिन, मंदसौर में हार के कारण सोशल मीडिया से लेकर आम चौराहों पर हार के कई कारणों के साथ चर्चाओं का बाजार गर्म हो रहा है।

सुवासरा विधानसभा से जीतने के बाद मंत्री हरदीपसिंह डंग ने अपने क्षेत्र में जुलूस के दौरान खुले मंच पर कहा था कि भीतरघात हुआ है। उन्होंने कहा था कि मैं जब कांग्रेस में था तो मुझे नीतियां नहीं जमी तो मैंने इस्तीफा दिया और भाजपा में आया। लेकिन, कभी पार्टी के साथ भीतरघात नहीं किया। लेकिन, यहां कई ने खुले रुप से भीतरघात किया। विधानसभा क्षेत्र में कई जगहों पर पूर्व मंत्री ने खुले रुप से भीतरघात की बात कही थी।

# सायबर पुलिस के लिए चुनौती बनी बोर्ड परीक्षा

## नदी में जलकुंभी की तरह बढ़ रहे पेपर लीक से जुड़े ग्रुप

**मंदसौर, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं 5 फरवरी से शुरू हो रही हैं। इससे पहले सोशल मीडिया पर पेपर लीक, बोर्ड पेपर जैसे ग्रुप बनना शुरू हो गए हैं। ऐसे 72 ग्रुप की पहचान हो चुकी है। बताया जा रहा है कि शिवना की जलकुंभी की तरह पेपर लीक से जुड़े ग्रुप लगातार बढ़ रहे है। ये ग्रुप मेंबरशिप के नाम पर परीक्षा से पहले ही पेपर उपलब्ध कराने के लिए छात्रों से रुपए मांगते हैं। मंडल ने पहली बार ऐसे ग्रुपो पर नजर रखने के लिए 5 टीम बनाई हैं। सायबर पुलिस को भी इन ग्रुप की लिस्ट दी गई है। इधर सायबर एक्सपर्ट्स का मानना है कि ऐसे सभी ग्रुप पर नजर रखना मुश्किल है। क्योंकि, ये ग्रुप अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर हैं।

जितने ग्रुप चिन्हित हो रहे हैं, उनसे ज्यादा रोज नये बन जाते हैं। कई बार छात्र रुपए दे भी देते हैं, पर इसकी शिकायत नहीं करते हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक इस तरह के ग्रुप को बनने से रोका नहीं जा सकता, बस रेगुलेट कर सकते हैं। सभी की मॉनिटरिंग भी मुश्किल है, क्योंकि कई एप बने हुए हैं। फिर भी शिकायत आने पर कार्रवाई और गिरफ्तारी की जाती है।

### मोबाईल नंबर नहीं क्यूआर कोड दे रहे...

सोशल मीडिया पर कई ग्रुप पेपर के एवज में रुपए मांगते है। ऐसे में जो क्यूआर कोड दे रहे हैं, उससे संबंधित एडमिशन के बैंक खाते का पता लगाकर गिरफ्तारी भी हुई हैं। ये मेंबरशिप के आधार पर अलग-अलग राशि मांगते हैं। इस बार माध्यमिक शिक्षा मंडल ने भी अपने कर्मचारियों को सक्रिय किया हुआ है जो ऐसे ग्रुप में शामिल होकर मेंबर बनकर ग्रुप पर नजर बनाए हुए हैं।

### यह होगी नई व्यवस्था...

थाने से पेपर परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने के बाद भी सीधे ओपन नहीं होंगे। सीलबंद बॉक्स में पेपर पहुंचने के बाद बॉक्स खोला जाएगा। इससे 10 और 20 के पैक में पेपर के लिफाफे रहेंगे। इसके बाद सीलबंद लिफाफे संबंधित कक्षा में ही खोले जाएंगे। पहले से इन्हें ओपन नहीं किया जाएगा। पहले पेपर केंद्र प्रभारी ओपन कर देते थे। ऐसे में आशंका रहती थी कि रास्ते में ही कोई फोटो लेकर इन्हें वायरल कर सकता है।

### 200-500 रुपए में बेच रहे फर्जी पेपर...

परीक्षा शुरू होने के पहले बने इन ग्रुपों में बाकायदा अलग अलग पैकेज दिए जा रहे हैं। तीन केटेगरी में अलग-अलग विषयों के प्रश्नपत्र 200 से 500 रुपए में बेचे जा रहे हैं। इतना ही नहीं, इन्हें गारंटी के साथ वास्तविक प्रश्नपत्र बताया जा रहा है। लोक शिक्षण संचालनालय की आयुक्त अनुभा श्रीवास्तव ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों के नाम से विद्यार्थियों से धोखाधड़ी करने वाले कई ग्रुप सक्रिय हो गए हैं। ऐसे ग्रुपों के खिलाफ पुलिस के माध्यम से तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

### इनका कहना...

जो भी क्यूआर कोड और मोबाइल नंबर से पैसे मांगकर पेपर का प्रलोभन दे रहे हैं। उनके बैंक अकाउंट की जानकारी ली जा रही है। नंबर ट्रेस किए जा रहे हैं। सायबर पुलिस भी सक्रिय है। पेपर वितरण की प्रक्रिया भी बदली गई है।

**केडी त्रिपाठी**
**सचिव, माशिम भोपाल**

### सभी केन्द्राध्यक्ष पुरुष, जबकि परीक्षा में छात्राएं भी शामिल होगी...

बोर्ड परीक्षा के लिए सभी केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष पुरुषो को नियुक्त किया गया है। सभी उच्चतर माध्यमिक विद्यालयो के प्राचार्यो को लिया गया है। सर्व शिक्षक संघ ने कहा है कि 10वी-12वी बोर्ड की परीक्षाओ में छात्र व छात्राएं दोनो सम्मिलित होंगे। इसलिए महिला प्राचार्य एवं शिक्षिकाओ को भी केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष बनाया जाना चाहिए। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जिस तरह से परीक्षा के निरीक्षण की योजना बनाई है, उस दृष्टिकोण से भी यह आवश्यक है।

सर्व शिक्षक संघ का कहना है कि विधानसभा चुनाव में भी पिंक बूथ पर 50 प्रतिशत महिला अधिकारियो की ड्यूटी लगाई गई थी। सभी ने सराहनीय कार्य किया है। सम्मानीत भी हुई है। ऐसे में परीक्षाओ का कार्य भी बखूबी निभा सकती है।

**जयेश नागर, अध्यक्ष सर्व शिक्षक संघ मंदसौर**

### 30 साल की त्रुटी सुधारने का मौका...

## तीन माह में 10वी-12वीं की मार्कशीट में करा सकते हैं सुधार


1972 से लेकर 2002 के बीच अगर आपने 10वीं, 12वीं की परीक्षा दी है और मार्कशीट में कोई त्रुटी रह गई है तो उसे सुधारने का मौका शिक्षा विभाग ने दिया है। तीन माह का समय इसके लिए दिया गया है। माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र.भोपाल द्वारा विद्यार्थियो की सुविधा के दृष्टिगत हाईस्कूल / हायर सेकण्डरी परीक्षा के संशोधन एवं प्रतिलिपि डाक्यूमेंट एम.पी.ऑनलाईन के माध्यम से आवेदन प्राप्त होते थे। किन्तु, अब प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण को दृष्टिगत रखते हुए मण्डल द्वारा जारी किये जाने वाले प्रतिलिपि संशोधन प्रकरणों में आंशिक संशोधन करते हुए नवीन व्यवस्था लागू कर दी गई है। जनसंपर्क अधिकारी माशिमं मुकेश कुमार मालवीय ने बताया कि वर्ष 2003 एवं उसके पूर्व की परीक्षा में सम्मिलित हुए जो आवेदक अपनी अंकसूची / प्रमाण पत्र में संशोधन कराना चाहते हैं, वे तीन माह की अवधि में संशोधन हेतु मण्डल में आवश्यक रूप से आवेदन कर दें। तीन माह की अवधि पश्चात संशोधन संबंधी कार्यवाही की जाना संभव नहीं होगी।

### यह है खास...

1. वर्ष 1971 से वर्ष 2002 तक के समस्त प्रतिलिपि दस्तावेजों हेतु आवेदन ऑफलाईन प्राप्त किये जायेंगे। 2.वर्ष 2003 एवं इसके पूर्व के वर्षों के संशोधन आदेश से तीन माह पश्चात ग्राह्य नहीं किये जायेंगे। 3. वर्ष 2003 तथा पश्चात के वर्षो सें संबंधित प्रतिलिपि दस्तावेज एवं संशोधन संबंधी आवेदन पूर्ववत ऑनलाईन प्राप्त किये जावेंगे।

# कार्यकर्ताओं को रामलला के दर्शन करवाएगी भाजपा

### अलग-अलग शहरों से चलेगी ट्रेन, ऐसे होगा चयन





**भोपाल, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** अयोध्या में भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब देशभर से श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या पहुंच रहे हैं। भाजपा भी अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को अयोध्या भेजेगी। इसके लिए कार्यकर्ताओं का चयन कर उनका पंजीयन किया जाएगा। फरवरी माह से मध्य प्रदेश से भी कार्यकर्ताओं की अलग-अलग टोलियां बनाकर उन्हें अयोध्या भेजा जाएगा। इसके लिए मध्य प्रदेश के अलग-अलग शहरों से ट्रेनें चलाई जाएंगी और कार्यकर्ताओं का पंजीयन कर प्राथमिकता के आधार पर अयोध्या रवाना किया जाएगा।

अयोध्या के लिए रेलवे 'आस्था स्पेशल' चलाएगा। फरवरी माह से स्पेशल ट्रेन शुरू की जाएगी। इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) की ओर से फरवरी से मार्च तक आस्था स्पेशल ट्रेन चलाने की योजना हैं। वहीं मध्य प्रदेश के भगवान से जुड़े धार्मिक पर्यटन स्थल चित्रकूट के लिए भी स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी।

### मोहन कैबिनेट भी करेगी रामलला के दर्शन...

आगामी 4 मार्च को मोहन कैबिनेट अयोध्या जाएगी और श्री रामलला के दर्शन करेगी। प्रदेश के सभी मंत्री श्री राम लला के दर्शन करेंगे। वहीं प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र से दस-दस हजार श्रद्धालुओं को पार्टी द्वारा अयोध्या धाम भेजा जाएगा। इसकी तैयारियां प्रारंभ हो गई है। 22 जनवरी को अयोध्या में नवनिर्मित श्री राम मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गई। पूरे देश से लोग वहां इस अवसर का साक्षी बनने के लिए पहुंच रहे थे। भीड़ के कारण अव्यवस्था न हो, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से अपील की थी कि जो जहां है, वहीं मंदिरों में श्रीरामोत्सव मनाएं। इसका अनुसरण करते हुए मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव से लेकर कोई भी बड़ा नेता अयोध्या नहीं गया। अब मप्र की मोहन सरकार चार मार्च को अयोध्या पहुंचेगी और सभी मंत्री श्री रामलला के दर्शन करेंगे।

# अफजलपुर पुलिस ने पिकअप से बरामद किया साढ़े तीन क्विंटल छिलका, 1 आरोपी गिरफ्तार

### लालचंद पाटीदार से लाया था छिलका




**मंदसौर, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** अफजलपुर पुलिस ने एक पिकअप को रोकने का प्रयास किया। जब पिकअप चालक तेजगति से वाहन भगा ले गया तो पुलिस टीम ने उसका पीछा किया। खुद को फंसता देख चालक पिकअप को छोड़कर भागने लगा। जिसे पुलिस टीम ने दबोच लिया। बाद में पिकअप को चेक किया तो उसमें से डोडा छिलका निकला। जिसकी कीमत 7 लाख रूपए बताई गई है।

अफजलपुर थाना पुलिस ने बताया कि रविवार को सउनि केरू सिह रावत हमराह फोर्स आर. चालक मोहन खराडी, आर अरूण, रंजीत सिह मय प्रायवेट वाहन द्वारा बड़न फण्टा पर वाहन चैकिंग करते रिण्डा तरफ से एक पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 44 जीए 2364 का चालक वाहन को लेकर आया तथा सउनि व हमराह फोर्स द्वारा उसे रोका गया तो वाहन न रोकते हुए तेजगति से बड़वन से कुचडौद रोड तरफ भागा। पुलिस फोर्स द्वारा उसका पीछा किया जो बड़वन-कुचड़ोद रोड पर झिरकन फण्टे से थोडा आगे ज्ञानेश्वर महादेव मन्दिर के सामने रोड़ किनारे चालक ने गाडी को धीरे कर चालु चलती हुई छोडकर नीचे उतरकर भागा। गाड़ी स्टार्ट होने के कारण रोड़ किनारे जाकर पल्टी खा गई। सउनि द्वारा पिकअप चालक को पकड़ा गया। नाम पता पुछा तो उसने अपना नाम राधेश्याम उर्फ राजेश पिता रतनलाल बामनिया जाति चमार उम्र 38 वर्ष निवासी धुंधड़का का रहने वाला बताया तथा पुलिस चैकिंग व गाडी छोडकर भागने के कारण पुछने पर वाहन मे डोडाचुरा भरा होना बताया। पल्टी खाई हुई गाड़ी को देखा तो उसमें डोडा छिलका भरा था। जिसका तौल किया तो 18 बोरो में 3 क्विंटल 49 किलो निकला। आरोपी राधेश्याम उर्फ राजेश के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर दो दिन का रिमाण्ड लिया।

### लालचंद से लाया था छिलका...

पिकअप चालक राधेश्याम ने प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस को बताया कि वह चिपलाना के लालचंद पाटीदार से यह छिलका लेकर आया था। जिसे राजस्थान में एक स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को दी जानी थी। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर दो दिन का रिमाण्ड लिया।



## यश नगर में लकड़बग्गे की दहशत

**मंदसौर, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर के यश नगर में पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया के घर के आसपास एक लकड़बग्गा रात में देखा गया। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इसके बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। इस मामले में वन विभाग को भी रह वासियों ने सूचना दे दी है। दरअसल लगड़बग्गा शनिवार रात देखा गया था। वह यश नगर से लेकर गांधीनगर तक देखा गया है। कुछ कुत्तो का शिकार भी उसने किया है। रविवार को शाम होते ही स्थानीय रहवासी घरो में दुबक गए।

# 10 करोड़ रूपए कीमती भूमि से अतिक्रमण हटाया





**नाहरगढ़, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सीतामऊ श्रीमती शिवानी गर्ग ने बताया कि नाहरगढ़ स्थित भूमि मद शासकीय रास्ता से हाई कोर्ट इंदौर द्वारा जारी आदेश के पालन में गुमटी, छज्जे एवं टीन शेड लगाकर किए गए 8 अतिक्रमणकर्ताओं के अतिक्रमण को हटवाया गया। खाली कराई गई भूमि का बाजार मूल्य 10 करोड़ रुपए है। कार्यवाही के दौरान नायब तहसीलदार कयामपुर श्री कमल सुनहरे, थाना प्रभारी नाहरगढ़ श्री आरसी डांगी, जनपद सीईओ श्री प्रभांशु सिंह उपस्थित थे।

### प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही पक्षपातपूर्ण...

नगर के व्यस्ततम मार्ग नाहरगढ़ - खजूरी फंटा पर प्रशासन द्वारा सर्वे क्रमांक 1119 आम रास्ते का अतिक्रमण हटाया गया। जिसमें अतिक्रमण कर्ताओं को नोटिस भी दिया गया। जिन व्यक्तियों का सर्वे क्रमांक 1119 पर अतिक्रमण है, उसमें कुछ लोगों को ही नोटिस दिए गए। जबकि कई लोगो के अतिक्रमण को नजरअंदाज किया जाकर उन्हें मामूली करवाई से नवाजा गया। इस अतिक्रमण में उल्लेखनीय तथ्य यह है कि उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर द्वारा वर्ष 2019-20 के आदेश के तहत पूर्व में भी प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाया गया था। परंतु अतिक्रमण करताओ के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्होंने उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर के आदेश की अवमानना भी करी और पुन: अतिक्रमक बन गए। प्रशासन द्वारा भी पक्षपातपूर्ण अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाना संदेह पैदा करती है। पूर्व में प्रशासन द्वारा हटाया गया, उस पर पुन: अतिक्रमण किया जाना न्यायालय की अवमानना की श्रेणी में आता है। ऐसे अतिक्रमको पर न्यायालय की अवमानना करने पर प्राथमिकी दर्ज की जाना चाहिए।

## रतलाम में फिर भड़का आदिवासी समाज, थाने में शव रखकर प्रदर्शन



**रतलाम, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले के बाजना में पुलिस की पिटाई से दुखी होकर युवक की खुदकुशी मामले में गुस्साए लोगों ने रविवार को फिर थाने में प्रदर्शन किया। परिजनों ने थाने में ही युवक का शव रखकर धरना प्रदर्शन किया। समाज के लोगों ने कहा कि पूरे थाने का स्टाफ बदला जाए। नहीं तो शव को थाने में ही जलाएंगे। प्रशासन ने मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता का चेक दिया। जिसके बाद धरना खत्म हुआ। विधायक कमलेश्वर डोडियार भी वहां पहुंचे और परिजनों को शव के अंतिम संस्कार के लिए राजी किया। जिसके बाद परिजन शव लेकर रवाना हो गए। बता दें कि रविवार को शव का पोस्टमार्टम किया गया। इसके बाद परिजन फिर से शव लेकर थाने पहुंच गए थे।

### शनिवार को थाने पर किया था प्रदर्शन

जानकारी के अनुसार जिले के बघाना थाने के गांव छावनी झोड़िया में गणेश नाम के युवक ने शनिवार को फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने उसके साथ बेवजह मारपीट की थी, जिससे दुखी होकर उसने जान दे दी। इसके बाद शनिवार को भी गुस्साए लोगों ने कार्रवाई की मांग को लेकर बाजना थाने पर करीब 8 घंटे से ज्यादा समय तक प्रदर्शन किया था। जिसके बाद आरोपी पुलिसकर्मी को पहले निलंबित किया गया और फिर उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया था।


## ट्रेक्टर-एंबुलेंस की भिड़ंत, कोई हताहत नहीं

**मनासा, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शनिवार-रविवार की दरमियानी रात में मनासा-अल्हेड़ मार्ग पर एक सड़क हादसा हो गया। हादसे में एंबुलेंस और ट्रेक्टर की भिड़ंत हो गई। इस टक्कर से एंबुलेंस क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं ट्रैक्टर भी बेकाबू होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरा। हालांकि, इस हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। घटना शनिवार-रविवार की रात करीब 12 से 1 बजे के बीच की है। ट्रैक्टर अल्हेड़ की ओर से आ रहा था। जबकि एंबुलेंस मनासा से पिपलिया राव जी की ओर जा रही थी। इसी दौरान यह हादसा हो गया। फिलहाल हादसे की वजह सामने नहीं आई है। मामले में एंबुलेंस चालक राजू का कहना है कि वह और उसका दोस्त पिपलिया रावजी गांव की ओर... **शेष पेज 4 पर**

# मामा की आत्म प्रशंसा और मुख्यमंत्री की नजरअंदाजी संगठन में बदलाव के संकेत है...

**मंदसौर/उज्जैन, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जब से डॉ मोहन यादव प्रदेश के मुख्यमंत्री बने हैं। तब से प्रशासन चलाने के उनके अपने विजन और एक्शन को प्रशासनिक अधिकारियों ने तत्काल ही अपना कर उसी अनुसार काम करना शुरू कर दिया था। प्रशासन को तो मुख्यमंत्री का हर आदेश मानना ही है पर प्रदेश भाजपा संगठन में अभी तक पूर्व के मुख्यमंत्री की तरह मोहन यादव का वर्चस्व अभी नजर नहीं आ रहा है। दरअसल मोहन यादव का मुख्यमंत्री बनना पूर्व अपेक्षित भी नहीं था। जब घोषित हुए तब सभी विधायक, संगठन पदाधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी भी अचंभित हुए थे। अभी शुरुआत करते ही मुख्यमंत्री ने अपने काम करने के तरीके से अधिकारियों में हड़कंप और जनमत में प्रशंसा का वातावरण बना लिया है।

अब जब प्रदेश को युवा मुख्यमंत्री मिल गया है तो स्वाभाविक है कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भी किसी युवा कार्यकर्ता को बनाया जा सकता है। प्रदेश की राजनीति में ऐसा वातावरण इसलिए बन रहा है कि वर्तमान अध्यक्ष वीडी शर्मा का कार्यकाल एक बार पूरा हो चुका है, नया नाम घोषित करना ही है। नए प्रदेश अध्यक्ष के चयन में अब मुख्यमंत्री की पसंद को अहमियत मिलना लाजमी है। जिससे कि सरकार और संगठन में तालमेल बेहतर नजर आए। संगठन और सरकार में समन्वय का वातावरण ही चुनाव में सफलता दिलाता है। अत: इसे प्राथमिकता माना जाता है। एक कारण और भी ऐसा करने के लिए प्राथमिक होता जा रहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अभी तक मुख्यमंत्री का चोला पूरी तरह से उतारा नहीं है। यह अलग बात है कि डॉक्टर यादव को भाजपा हाई कमान ने मुख्यमंत्री का नया चोला दिल्ली से बना कर ही भेजा था। जिसे पहनाया था मजबूरी में मामा शिवराज ने ही, पर उनका अपना उतारने में अभी तक चूक कर रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर यह बातें उभरने लगी है कि शिवराज अभी भी सार्वजनिक अवसर पर स्वयं को प्रदेश का जन नेता प्रकट करने से चूकते नहीं है। हालांकि वर्तमान मुख्यमंत्री ने कभी भी कोई प्रतिक्रिया इजहार नहीं करी है। किन्तु, दृश्य घटता है तो राजनीतिक वायुमंडल में स्वतः प्रसारित हो जाता है। राजनीतिक समीक्षकों ने भी स्पष्टकर दिया है कि जब शिवराज मुख्यमंत्री बनाए गए थे, तब वे भी मोहन की तरह ही थे। अब उन्हें स्वीकार कर लेना चाहिए कि वह मुख्यमंत्री नहीं है। जन नेता है, तब भी उन्हें उनके परिवार को यह बार-बार बताने की जरूरत क्यों पड़ रही है? मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अभी तक की अपनी प्रस्तुतियों में सभी वरिष्ठो को यथायोग्य सम्मान से नवाजा है।



चन्द्रमोहन भगत

आज भी कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल को भाई साहब संबोधित करते हैं। गोपाल भार्गव की लगातार जीत को सम्मान से राष्ट्रीय स्तर का उदाहरण बताया है। ऐसे घटनाक्रमों के कारण मामा शिवराज खुद अपनी लोकप्रियता के अंक घटा रहे हैं। प्रदेश में ही नहीं, महाराष्ट्र के पुणे में भी खुद का स्तुति गान कर आए। उनके सुपुत्र कार्तिकेय क्षेत्र के कामों के लिए मुख्यमंत्री से भीड़ जाने की बात कह चुके हैं। भाजपा संगठन में भी इन घटनाओं पर संज्ञान लिया जाकर सहज नहीं माना जा रहा है। अगर ऐसा ही वातावरण लंबे समय तक चलता रहा तो भाजपा संगठन और सरकार को असहज कर जाएगा। विपक्ष को भी आलोचना का अवसर घर बैठे मिल जाएगा।

प्रदेश के राजनीतिक जगत में यह चर्चाएं आम होने लगी है कि युवा मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री के स्तुति गान से प्रभावित हुए बगैर अपना काम ऐसा कर रहे हैं की जनता खुद उन्हें अपना जन नेता मानते जा रही है। उन्हें खुद की उपलब्धियां बताने की जरूरत नहीं पड़ रही है, मामा की तरह। बल्कि आम जनमत में यह चर्चा खास होते जा रही है डॉ मोहन यादव कब तक मामा के बिगड़े अधिकारियों पर अंकुश लगाते रहेंगे। क्योंकि, मामा के संरक्षण में ऐसे अधिकारी बड़े समूह की तरह पूरे प्रदेश प्रशासन में की जड़ों में फैल चुके हैं। बहरहाल प्रतिस्पर्धा और प्रदर्शन दोनों में ही मुख्यमंत्री ने अपनी लोकप्रियता का ग्राफ कम समय में अधिक पा लिया है। समय और अनुभव अधिक परिपक्व होकर गुणवत्ता में निखार के साथ और अधिक लोकप्रिय बनाएगा।

# राज्य स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम 31 को मुरैना में

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव होंगे मुख्य अतिथि, दो लाख से अधिक को स्वरोजगार से जोड़ने की पहल**

**मंदसौर, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में 31 जनवरी को मुरैना में प्रदेश व्यापी रोजगार दिवस कार्यक्रम आयोजित कर दो लाख से अधिक युवाओं को विभिन्न योजनाओं के तहत स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव अनूपपुर, बडवानी, दमोह तथा छतरपुर के एक हितग्राही से सीधा संवाद भी करेंगे। शेष जिला मुख्यालयों में इसी दिन जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

एमएसएमई विभाग के सचिव श्री पी. नरहरि ने बैठक में तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि जिलों में होने वाले आयोजन की रूप रेखा जिला कलेक्टर के निर्देशन में निर्धारित कर कार्यक्रम संपादित किया जायेगा, जिसमें केंद्र और राज्य सरकार की स्वरोजगार योजनाओं को संचालित करने वाले विभागों, जिले के बैंकों एवं अन्य संबंधित संस्थाओं के समन्वय से कार्यक्रम होगा। जिला स्तरीय रोजगार दिवस आयोजन में विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत जिले में लाभान्वित हुये हितग्राहियों को तथा जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जायेगा। इन कार्यक्रमों में हितग्राहियों को स्वीकृति / वितरण पत्र जनप्रतिनिधियों के माध्यम से दिलवाये जायेंगे। मुरैना में आयोजित मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रमों में दिखाने की व्यवस्था की जायेगी। उल्लेखनीय है कि रोजगार दिवस के आयोजन का उद्देश्य केंद्र तथा राज्य शासन की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओ के माध्यम से 2 लाख से अधिक युवाओं को प्रतिमाह ऋण वितरण कर स्वरोजगार स्थापित करवाने का है। संबंधित अधिकारियों से कहा गया है कि शीघ्र डीएलसीसी की बैठक आयोजित कर विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत अधिक से अधिक प्रकरणों में ऋण स्वीकृति/वितरण सुनिश्चित करे।

# अब पशुपतिनाथ लोक की ओर भी ध्यान लगा लो..!

**दर्द-ए-दिल**

**कुमार दशपुरी**

**मंदसौर, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** पूरे देश और प्रदेश के साथ मंदसौर नगर भी इस लगभग पूरे माह राम मय रहा। रामराज्य यात्रा नगर में आई, जिसमें अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवींद्र पुरी जी महाराज सहित देश भर के लगभग 200 साधु संत मंदसौर नगर की धरा पर पधारे और श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर के स्वर्ण कलश आरोहण, 108 कुंडीय महायज्ञ उधर जीवागंज में पीपली वाली माता जी के मंदिर के नवनिर्माण का प्रतिष्ठा महोत्सव और 22 जनवरी श्री राम मंदिर के प्रतिष्ठा महोत्सव के दिन और उसके पहले नगर के प्रत्येक आवासीय क्षेत्र में सनातन परंपरा के सभी धर्म स्थलों पर बहुत ही अभूतपूर्व आयोजन हुए जिससे नगर का वातावरण राम मय हो गया। वास्तव में इन समूचे धार्मिक आयोजनों के कारण धार्मिक और सांस्कृतिक नगरी दशपुर की आभा ही कुछ अलग ही छटा लिए हुए थी। आसपास के अन्य नगरों और शहरों की अपेक्षा मंदसौर नगर में जो धर्ममय वातावरण बना वह वास्तव में बहुत उल्लेखनीय एवं अलौकिक था।

क्योंकि मंदसौर नगर की पहचान अष्टमूर्ति भगवान से पशुपतिनाथ मंदिर के कारण दूर-दूर तक बनी हुई है और लगातार बनती जा रही है। मंदिर की प्रसिद्धि सोशल मीडिया के इस जमाने में आमजन के प्रयासों से ही फैल रही है। शासन और जनप्रतिनिधियों के प्रयास तो हमेशा सतही ही ही रहे हैं। आज भगवान पशुपतिनाथ की जो प्रसिद्धि है, वो मंदसौर नगर की धर्म प्राण श्रद्धालु जनता और आरती मंडलों के कारण है। जिनकी निरंतर गतिविधियों के कारण यह मंदिर आज प्रसिद्ध के क्रम पर है। सोशल मीडिया के पहले तो शासन और स्थानीय प्रतिनिधियों के भरोसे ही मंदिर का भविष्य था। यदि जनता और आरती मंडलों के प्रयास नहीं होते तो उस दौर में भी पशुपतिनाथ मंदिर की प्रसिद्ध नहीं फैलती। जिम्मेदारों से तो इतना भी ना हो सका की पशुपतिनाथ मंदिर को प्रदेश के ही पर्यटन मानचित्र पर अंकित करा पाते। इस मामले में तारीफ करना होगी गरोठ भानपुरा क्षेत्र के विधायक रहे, पूर्व मंत्री सुभाष सोजतिया की। जिन्होंने अपने दल के शासन और अपने मंत्री पद पर रहने के प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए गांधी सागर को प्रदेश के पर्यटन मानचित्र पर अंकित कराया। हमारे क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से तो इतना भी नहीं हो सका।

मंदसौर नगर का धार्मिक वातावरण भगवान पशुपतिनाथ मंदिर के कारण और इसकी गौरवशाली प्राचीन ऐतिहासिक परंपरा के कारण राम मंदिर प्रतिष्ठा, श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर के 6 दिवसीय महोत्सव और श्री पिपली वाली माता जी के पांच दिवसीय महोत्सव के दौरान इसी प्राचीन गौरवशाली अस्मिता के धरातल पर यह दिव्य वातावरण बना। 12 जनवरी को जब मंदसौर शहर में रामराज यात्रा में देश भर के सैकडो संत आए और अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवींद्र पुरी जी ने भगवान शिव पशुपतिनाथ की प्रतिमा के दर्शन किए। कई मिनट तक उनकी आंखें प्रतिमा से नहीं हटी। इतनी दिव्य, भव्य व विराट प्रतिमा को पहली बार अपने सामने दर्शन के रूप में पाकर वह अचंभित रह गए। अरे, कहने लगे मंदसौर वालों इस दिव्य धरोहर को क्यों यहां छुपा रखा है। एक से एक करोड़पति भरे है, उनके इस कथन में पूरा सार छिपा है। अब यदि शासन ने पशुपतिनाथ लोक के निर्माण की घोषणा कर दी है और भूमि पूजन के बाद कुछ काम भी वहां शुरू हो गया है तो अब शासन को पूरी गंभीरता से पशुपतिनाथ के लोक के निर्माण की तरफ अपना ध्यान लगाना चाहिए। हालांकि, राजनीतिक व्यवस्था में एक विरोधाभासी स्थिति यह उत्पन्न हुई है कि पशुपतिनाथ लोक के निर्माण की पहल जब मीडिया और जागरूक लोगों द्वारा की गई तब तत्कालीन कलेक्टर गौतम सिंह ने गहरी रुचि ली और उसका पूरा प्राक्कलन तैयार किया। पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया द्वारा इस दिशा में सक्रियता दिखाई थी।

किन्तु अब स्थिति बदली हुई है, विधायक कांग्रेस के विपिन जैन है और शासन भाजपा का है। ऐसे में पशुपतिनाथ लोक के कार्य पर इस विरोधाभासी स्थिति का कोई प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए, यह सभी की भावना है। क्योंकि मंदसौर नगर और अंचल का चहुमुखी विकास पशुपतिनाथ लोक के माध्यम से हो सकता है, यह बात सभी जान गए हैं। महाकाल लोक बनने के बाद उज्जैन में जो परिवर्तन आया है। देश के अन्य सभी तीर्थ स्थानों से ज्यादा तीर्थयात्री उज्जैन आ रहे हैं और उसका प्रभाव शनिवार, रविवार को मंदसौर पशुपतिनाथ मंदिर में भी देखने को मिल रहा है। जब पशुपति नाथ लोक बनने के पहले ही महाकाल लोक का प्रभाव पशुपतिनाथ मंदिर पर पड़ रहा है तो हम कल्पना करें, यदि पशुपतिनाथ लोक भी अपेक्षा के अनुरूप अच्छा बन गया तो फिर यहां की स्थिति भी बहुत बेहतर हो जाएगी। कितने तीर्थ यात्री, पर्यटक नगर में आएंगे और यहां की सामाजिक, आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा।

**रेलवे प्लेटफार्म की बाउण्ड्रीवाल के निकट हनुमान प्रतिमा स्थापित करने के बाद...**

# रेलवे पुलिस ने रुकवाया काम, मूर्ति यथावत



**पिपलियामंडी, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** खात्याखेड़ी मार्ग पर रेलवे प्लेटफार्म की बाउंड्रीवाल के निकट हनुमान प्रतिमा की रातों-रात स्थापना करने के बाद रविवार को रेलवे पुलिस पहुंची, मूर्ति की स्थापना पर आपत्ति ली व खोदे गए गड्ढे बन्द करवाकर काम रोककर मूर्ति की स्थापना को लेकर अनुमति लेने की कहा। जानकारी के अनुसार खात्याखेड़ी मार्ग पर छोटी पुलिया के निकट खाली पड़ी जगह पर हनुमान प्रतिमा की स्थापना की जाने की सूचना पर रेलवे आरपीएफ पुलिस मौके पहुंची, पुलिस अधिकारियों ने काम को रोककर मंदिर बनाने के लिए परमिशन लेने की कहा। मूर्ति के चारों और खोदे गए गड्ढे भी बन्द कराने की कहा। बाद में खोदे गए गड्ढों को बन्द कर दिया। इधर पार्षद प्रतिनिधि कमल तिवारी ने बताया हनुमान प्रतिमा स्थापित हो गई है, कार्य को चालू करने के लिए स्टेशन मास्टर को मण्डल रेल प्रबंधक के नाम आवेदन दिया है। सूचना पर मौके पहुंचे पिपलिया टीआई नीरज सारवान का कहना है कि मौके पर गए थे, मामला रेलवे पुलिस का है, उन्हीं से जानकारी ली जाए। आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर रामकिशन का कहना है रेलवे की जमीन पर मूर्ति स्थापना की जाने की सूचना पर मौके पहुंचे, काम रुकवाया व मूर्ति के चारों और खोदे गए गड्ढों को बन्द करवा दिया है, मूर्ति जहां स्थापना की है, वहीं है। अधिकारियों से मार्गदर्शन लिया जा रहा है।

## पाइप लाइन निकालने पर पीटा, 4 पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। बरखेड़ा डांगी निवासी अशोक पिता कैलाशचन्द राठौर ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि रमेश पिता नाथूलाल राठौर ने मेरे खेत में पानी की लाइन बिछा दी, मैंने पाइप लाइन को निकाल दिया रमेश के साथ ही उसके भाई मोहन राठौर, भंवर राठौर, बलराम राठौर ने गाली-गलौज की व लकड़ियों से पीटा, जिससे मुझे शरीर पर चोंटे आई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया।

**निर्माणाधीन अंडरब्रिज की गहराई ज्यादा होने से...**

# पानी भराव की समस्या बनेगी, लोगों को होगी परेशानी



**सुवासरा, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सुवासरा से रुणिजा निर्माणाधीन सड़क मार्ग के उपर से उज्जैन- गरोठ फोरलेन सड़क गुजर रही है। ग्राम लकवा फंटे के निकट फोरलेन कंपनी अंडर ब्रिज का निर्माण कर रही है। लेकिन, निर्माणाधीन अंडरब्रिज की गहराई ज्यादा होने से हमेशा इसमें पानी भराव की समस्या बनी रहेगी। जिसके कारण सुवासरा से रुणिजा जाने वाले लोगो को इस ब्रिज से निकलने में परेशानी होगी। लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माणाधीन सड़क मार्ग के हिसाब से फोरलेन के नीचे बनने वाले अंडर ब्रिज का निर्माण लोक निर्माण विभाग की सड़क के अनुरूप होना चाहिए। लेकिन, फोरलेन सड़क निर्माण कंपनी ने 3 मीटर सड़क खोदकर अंडर ब्रिज का निर्माण प्रारंभ कर दिया। जिसके बाद लोक निर्माण विभाग के एसडीओ कमल जैन ने उक्त ब्रिज का निर्माण रुकवा दिया। वहीं फोरलेन कंपनी के सहायक यंत्री दीपक दीक्षित के अनुसार फोरलेन सड़क मार्ग के उपर हाइटेंशन लाइन गुजर रही है। इसलिए अंडर ब्रिज लोक निर्माण विभाग की सड़क से लगभग 5 फीट नीचे निर्माण किया जा रहा है। ब्रिज में पानी जमाव की स्थिति में इसके निकासी की भी व्यवस्था की जाएगी।

वास्तविक स्थिति में निर्माणाधीन सुवासरा रुनिजा सड़क के बेस से अंडर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। इस हिसाब से लोक निर्माण विभाग की सड़क से करीब 8 फीट की गहराई में अंडर ब्रिज बनाया जा रहा है। इसका मुख्य कारण फोरलेन सड़क के उपर से गुजर रही हाइटेंशन लाइन को हटाने में सड़क कंपनी को करोड़ों रुपए का खर्च आएगा। क्षेत्रवासियो के लिए अच्छी खबर यह है की जनता की मांग पर सुवासरा - रुनिजा मार्ग को फोरलेन सड़क मार्ग से जोड़ा जाएगा।

**इनका कहना...**

सुवासरा- रुनिजा सड़क मार्ग के उपर से फोरलेन सड़क निकल रही है। इसके मध्य में फोरलेन कंपनी द्वारा एक अंडरब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। लेकिन, अंडरब्रिज लोक निर्माण विभाग की सड़क के लेवल से नीचे बन रहा है। जिसके कारण उसमें पानी जमाव की समस्या बनी रहेगी। इस कारण से अभी अंडरब्रिज का निर्माण बंद करवाया है।

**कमल जैन, एसडीओ लोक निर्माण विभाग गरोठ**

अंडरब्रिज का निर्माण 1.5 मीटर की गहराई में किया जा रहा है। पानी निकासी के लिए अलग से नालिया बनाई जाएगी। इसके साथ ही सुवासरा- रुनिजा मार्ग से फोरलेन सड़क मार्ग को भी लिंक रोड के जरिए जोड़ने का प्रस्ताव भी स्वीकार कर लिया गया है।

**दीपक दीक्षित, सहायक अभियंता फोरलेन सड़क निर्माण कंपनी**



# गणतंत्र दिवस पर उपमुख्यमंत्री ने नपा के वार्ड क्रमांक 9 में गरीब परिवार को दिए भू अधिकार पत्र

**मंदसौर, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन जी यादव के नेतृत्व में गरीब वर्ग को लाभान्वित करने की कई योजनाओं का लाभ गरीब वर्ग के बीच पहुंच कर दिया जा रहा है। इसी क्रम में मंदसौर नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 9 में मध्य प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, सांसद सुधीर गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष नानालाल अटोलिया, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, सुषमा आर्य, नगर पालिका प्रभारी पारस मावर, भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंसीलाल गुर्जर, जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा, मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत, क्षेत्रीय पार्षद एवं नपा जलकार्य सभापति निलेश जैन ने वार्ड क्रमांक 9 स्थित जे.के. कॉलोनी में कच्चे मकान में रह रही माता एवं वृद्ध जनों को भू अधिकार पत्र प्रदान कीये। उक्त जानकारी देते हुए क्षेत्रीय पार्षद निलेश जैन ने बताया की भू अधिकार पत्र प्राप्त होने के उपरांत लाभार्थी बहनों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल जाएगा और उनके कच्चे मकान पक्के मकान में तब्दील हो जाएंगे। पूर्व में भी इसी क्षेत्र में रहने वाले 10 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिलाया गया। इस भू अधिकार पत्र वितरण कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 9 के वरिष्ठसमाजसेवी सत्यनारायण सोमानी, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय सिंह चौहान, पूर्व नपा अध्यक्ष राम कोटवानी, प्रजापति समाज अध्यक्ष बाबूलाल प्रजापत, युवा मोर्चा जिला महामंत्री बंटी चौहान, मंडल महामंत्री मयंक मावर, पार्षद गण भावना बब्बू भाई पमनानी, कमलेश सिसोदिया, गोवर्धन कुमावत, रमेश ग्वाला, आशीष गोड, नंदलाल गुजरिया, दीपक गाजवा, सत्यनारायण मांदलिया, मिथुन वप्ता, विनय खाबिया, विजय ओसवाल, बंशी राठौर, सुनील योगी, दिनेश जाट, सुभाष गंगवाल, अनोखीलाल प्रजापत, मुकेश प्रजापत, गोपाल तोषनीवाल, राहुल चौहान, भारत सिंह चौहान, ओम प्रकाश प्रजापत, पंकज सेठिया, त्रिलोक प्रजापत, किरण सिंह सोलंकी, सद्दाम हुसैन, अकबर शाह, पीयूष जैन आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार किसानों के कल्याण के लिए दृढ़ संकल्पित-गुप्ता

**संसदीय क्षेत्र के नीमच विधानसभा के जीरन में किसान संगोष्ठी सम्पन्न**



**मंदसौर, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** संसदीय क्षेत्र के नीमच विधानसभा के जीरन में किसान संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सांसद सुधीर गुप्ता ने मोदी सरकार द्वारा कृषि के क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों के बारे में विस्तृत चर्चा की। साथ ही किसानों का आधुनिक तरीके से खेती के बारे में जानकारी प्रदान की गई। किसानों को खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए नई तकनीको की जानकारी दी गई। सांसद सुधीर गुप्ता ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार किसानों के कल्याण के लिए दृढ़ संकल्पित है। किसान समान निधि के माध्यम से देश में लगभग 11 करोड़ किसान को सालाना 6 हजार रूपए की राशि प्रदान की जा रही है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से किसान भाइयों को सब्सिडी के माध्यम सिंचाई उपकरण प्रदान किए जा रहे है। सांसद गुप्ता ने कहा कि सिंचाई के लिए किसानों को पर्याप्त पानी मिले इसके लिए चंबल के पानी को किसानों के खेतों तक पहुंचाया जा रहा है। किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा, किसन क्रेडिट कार्ड मृदा स्वास्थ्य कार्ड जैसी अनेक योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

कार्यक्रम में विधायक दिलीप सिंह परिहार ने कहा कि कांग्रेस सरकार में 7 हेक्टेयर में सिंचाई होती थी आज भारत सरकार में 46 लाख हेक्टेयर में सिंचाई होती है। इससे पता चलता है कि भाजपा सरकार ने किसानों की कितनी चिंता है। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष नवल गोस्वामी ने पशुपालन का महत्व बताते हुए कहा की पशुपालन से कृषि को लाभ का धंधा बनाया जा सकता है। क्यों की केटल का बेस्ट एग्रीकल्चर का बेस्ट और एग्रीकल्चर का बेस्ट केटल का बेस्ट इस फार्मूले पर खेती करने की बात कही साथ ही देशी गोपालक के लिए गोपाल गोपालक प्रतियोगिता का आयोजन जिला व प्रदेश स्तर पर होता है जिसका भी किसान भाई लाभ ले सकता है।

# अनुभूति कार्यक्रम अंतर्गत लोटस वैली स्कूल के छात्र हुए शामिल



**मंदसौर, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** धुंधलेश्वर महादेव वन मण्डल मन्दसौर की मन्दसौर परिक्षेत्र में लोटस वैली विद्यालय मंदसौर के 46 छात्र एवं 57 छात्राएं, कुल 103 ,06 शिक्षक एवं शिक्षिकाएं शामिल हुए अनुभूति प्रेरक श्री राजकमल आर्य से.नि. उपवनक्षेत्रपाल प्रेरक ने अनुभूति के संबंध में जानकारी दी, प्रकृति पथ पर पेड़, पौधों, घाँस,औषधीय पौधों की पहचान करवाई, उनके उपयोग से अवगत करवाया,वृक्ष एवं वनों के महत्व, पर्यावरण, खाद्य श्रृंखला, तेंदू पत्ता संग्रहण की जानकारी, महुआ के उपयोग,नदी, नाले में जल का प्रवाह, भू जल संरक्षण की जानकारी दी दोपहर भोजन उपरांत वन विभाग की संरचना एवं विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती, पदोन्नति एवं पदों की जानकारी दी।अखिल भारतीय सेवाओं की जानकारी एवं उनकी भर्ती संबंधी जानकारी दी। धुधलेश्वर महादेव ट्रेल पर बच्चों को भ्रमण करवाया। नेचर वॉलेंटियर का चयन किया, फीडबैक फार्म भरवाए,शपथ ग्रहण करवाई एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरुष्कार वितरित किये गए।कार्यक्रम मे श्री रतनसिंह सिंगोड़ रेंज आफिसर मन्दसौर ने भी विभिन्न जानकारी दी। पेपर से बाघ बनवाये। बच्चों को कपडे का थैला बनाना सिखाया गया। बच्चों को अनुभूति पुस्तिका केप एवं पेन वितरित किये एवम प्रमाण पत्र प्रदाय किये गए। वनकर्मचारी गण उपस्थित रह एवं ग्रुप फोटोग्राफी करवाई।

# रंजन कैथवास और चंचल सालवी का राष्ट्रीय शालेय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में चयन

**सुवासरा, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** 67वी सीनियर राष्ट्रीय शालेय बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता दिनांक 29 जनवरी से 1 फरवरी 2024 तक शिमोगा कर्नाटक में आयोजित की जाएगी, इस प्रतियोगिता के लिए मंदसौर जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन मंदसौर की खिलाडी रंजन कैथवास व चंचल सालवी का 19 वर्ष की बालिका टीम में भाग लेकर, मध्यप्रदेश सीनियर बालिका वॉलीबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करेगी।

उनके चयन होने पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य श्री अनिल कियावत व मंदसौर जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री नरेंद्रसिंह चौहान एवं सदस्यगण विनय दुबेला, संदीप खाबियॉ, शेर मोहम्मद खान, सज्जन श्रीमाल, त्रिभुवन कवीश्वर, रोहित शर्मा, अनिल पाटीदार, रउफ खान, रितेश पोरवाल, अनिल पाटीदार, मिलिंद सांखला, रंजन छाबड़ा, राजेंद्र सिंह, अभिषेक सेठिया, अक्षय नलवाया, मोहित शर्मा, शैलेंद्र मसीही, अभिषेक यादव, पंकज मालवीय, चयन माली, आशीष रेठा, आस्था भावसार, विनय अग्रवाल, संयम चौहान, नमन शर्मा ,दिव्यांशी गुप्ता, नेहा सालवी कविता मेघवाल , आकृति जैन, माधव जोशी,जानवी हाडा ,साक्षी ग्वाला, और जिला खेल एवं युवक कल्याण विभाग मंदसौर के खेल अधिकारी श्री विजेंद्र देवड़ा, जिला क्रीड़ा अधिकारी मंदसौर श्री बंशीलाल बारीवाल, पीजी कॉलेज मंदसौर के खेल अधिकारी राजू कुमार, पी.जी कॉलेज दलौदा के खेल अधिकारी अब्दुल रजाक, पूर्व क्रीड़ा अधिकारी मंदसौर अशोक शर्मा, उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर के, वरिष्ठव्यायाम शिक्षक श्री महेंद्र शुक्ला, महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उ.मा.वि मंदसौर की वरिष्ठव्यायाम शिक्षिका श्रीमती शांता व्यास, शा. लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल उ. म. विद्यालय मंदसौर के व्यायाम शिक्षक श्री रघुवीर मालवीय ,मध्य प्रदेश 19 वर्ष बालिका टीम के जनरल मैनेजर श्री अरुण तिवारी व जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के सचिव श्री त्रिभुवन कविश्वर ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की यह जानकारी जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के सचिव श्री त्रिभुवन कविश्वर व कोच अभिषेक सेठिया ने दी।

## ट्रेक्टर-एंबुलेंस की भिड़ंत...

पेज 1 से जारी

मरीज को लेने जा रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया। वही बताया गया है कि ट्रेक्टर बोरदिया कला गांव का है। इस संबंध में थाना प्रभारी शिवकुमार यादव से फोन पर चर्चा के लिए संपर्क किया गया पर उनसे बात नहीं हो पाई।

# कई जन्मों के पाप का नाश कर पितरों को तारती है शिव महापुराण कथा श्रवण करना-मुकेशानंद महाराज



**सीतामऊ/ तितरोद, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जो कालो के काल उन महाकाल शिवशंकर भोलेनाथ जी की शिव महापुराण कथा श्रवण करने मात्र से ही कंही जन्मो के पाप से मुक्ति मिल जाती है साथ ही हनारे पीतरो को भी मोक्ष प्राप्त हुआ है शिवमहापुराण कथा श्रवण से अकाल मुर्त्यु का भय समाप्त होता है अत: सभी को शिवमहापुराण का सदैव पाठ करना चाहिए और जँहा कथा हो वँहा कथा श्रवण करना चाहिए आदि शिवमहापुराण महात्य की महिमा की सारगर्भित जानकारी श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण तितरोद में आयोजित शिवमहापुराण कथा में राष्ट्रीय सन्त 1008 श्री मुकेशानंद पूरी जी महाराज उज्जैन द्वारा कथा के दौरान उपस्थित श्रोताओं को दी।। कथा के पंचम दिवस तितरोद सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों के नागरिक बड़ी संख्या में शिवमहापुराण कथा श्रवण करने तितरोद नगर पहुँच रहे है।। आज की कथा में सीतामऊ थाना प्रभारी दिनेश प्रजापति, नगर परिषद अध्यक्ष मनोज शुक्ला सम्मिलित हुए थे साथ ही प्रतिदिन कथा उपरांत प्रसादी का वितरण भी किया जा रहा है कथा व्यवस्थापक पुजारी राकेशपुरी मुकेशपुरी ने बताया कि कथा नव दिवसीय है और पूर्णाहुति के अवसर पर पंच कुंडीय यज्ञ के साथ कथा पूर्णाहुति होगी सभी क्षेत्रवासिगण कथा श्रवण करने प्रतिदिन दोपहर 12 बजे पहुचे कथा विश्राम दोपहर 03 बजे आरती के साथ होगा।।

# स्कार्पियो की टक्कर से राहगीर की मौत

**पिपलियामंडी, 28 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** स्कार्पियो की टक्कर से राहगीर की मौत हो गई। शनिवार शाम फोरलेन पर पिपलिया पुलिस थाने के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से पिपलियापंथ निवासी देवीलाल बावरी (45) घायल हो गया। सूचना पर पिपलिया टोल प्लाजा पैरामेडीकल टीम पहुंची, घायल को एबूलेंस से पिपलिया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए, चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। शव पीएम के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने धनराज बावरी की रिपोर्ट पर टक्कर मारने वाली स्कार्पियो (एमएच 15 एचवाय 5557) के ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज किया।

## ✻ अंतिम यात्रा ✻



स्व. नाथूलालजी के अनुज स्व. रूपचंदजी धनोतिया की धर्मपत्नी तथा कन्हैयालालजी, स्व. चांदमलजी, रामनिवासजी की भाभीजी एवम जगदीशचंद्र, ओमप्रकाश, श्यामलाल, सत्यनारायण की पूज्य माताजी व डॉ. वैभव, पुष्कर, अभिषेक, अक्षय, अक्षित की दादीजी श्रीमती गीताबाई जी का देहांत रविवार को हो गया है जिनकी अंतिम यात्रा सोमवार दिनांक 29 जनवरी को प्रात: 09 बजे उनके निज निवास (गीता सदन), सरकारी अस्पताल रोड से पिपलियापंथ मार्ग स्थित मुक्तिधाम जायेगी।

**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**समस्त धनोतिया परिवार, (लिंबावास वाला) पिपलियामंडी**
**फर्म-रूपचंद नानालाल गुप्ता, सांवलिया ड्रेसेस, सजधज स्टोर्स, आर एन ट्रेडर्स, पिपलियामंडी जिला मंदसौर**

## ✻ उठावना ✻



हरिकिशन देवड़ा के सुपुत्र एवं ऋषि के बड़े भाई, एम.डी.एस. मोमोज के संचालक शुभम, नरेन्द्र (नारायण) के पिताजी व चित्रांश के बड़े पापा श्री तेजप्रकाशनजी देवड़ा का स्वर्गवास 27 जनवरी 2024 शनिवार को हो गया है। जिसका उठावना 29 जनवरी 2024 सोमवार को प्रातः 9 बजे निवास स्थान बगीचा नं. 10, महाराणा बंगला नीमच पर रखा गया है।

**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**हरिकिशन देवड़ा, ऋषि, शुभम, नरेन्द्र (नारायण), चित्रांश एवं समस्त देवड़ा परिवार**

## उठावना (पुष्पांजलि)

**महिला पुरूषों की संयुक्त बैठक**



स्व. श्री होतचन्दजी कल्याणी के सुपुत्र मूलचंद, स्व. श्री अशोक, प्रकाश, रमेश, चन्द्रप्रकाश कल्याणी के बड़े भाई सा. श्री दयालदासजी कल्याणी (प्रॉपर्टी व्यवसायी) का स्वर्गवास दिनांक 27 जनवरी, शनिवार को हो गया है। जिनका उठावना आज दिनांक 29 जनवरी, सोमवार को सायं 4 बजे श्री सिन्धु महल धानमण्डी, मंदसौर पर रखा गया है।

**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**कल्याणी परिवार, मंदसौर**

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है।
फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in